केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**केमाशिबो/ प.नि./2021** **02अगस्त, 2021**

**परिपत्र - 2021**

**विषयः कक्षा 12वीं इंप्रूवमेंट / कंपार्टमेंट परीक्षा 2021 का आयोजन**

सीबीएसई निम्नलिखित श्रेणी के छात्रों के लिए सीबीएसई द्वारा जारी "**कक्षा-बारहवीं 2021 के लिए अंकों के सारणीकरण की नीति**" के अनुसार परीक्षा आयोजित करेगा:

1. जो छात्र सारणीकरण की नीति के आधार पर दिए गए अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में बैठने का अवसर दिया जाएगा। इस नीति के अनुसार, बाद की परीक्षा में प्राप्त अंकों को अंतिम माना जाएगा।
2. साथ ही, परिणाम -2021 की घोषणा के बाद, जो छात्र एक विषय में अर्हता मानदंड पूरा करने में सक्षम नहीं हैं और उन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है।
3. निजी, पत्राचार और द्वितीय अवसर के कंपार्टमेंट अभ्यर्थियों आदि के लिए, जिनका परिणाम उनके वर्षभर के निर्धारण विवरण की अनुपलब्धता के कारण सारणीकरण की नीति के आधार पर घोषित नहीं किया गया है।
4.पत्र संख्या सीबीएसई/सीई/2021 दिनांक 16.03.2021 के माध्यम से संप्रेषित सूचना के अनुपालन में बारहवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों को कंपार्टमेंट परीक्षाओं में केवल एक विषय में अपने प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर दिया जाता है। परिणाम घोषित करने के लिए विषय में प्राप्त दोनो अंकों में से बेहतर पर विचार किया जाएगा।

तदनुसार, उपरोक्त सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए, सीबीएसई ने 16.08.2021 से 15.09.2021 के बीच परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। इस परीक्षा की तिथि सारणी जल्द ही जारी की जाएगी। यह परीक्षा केवल निम्नलिखित विषयों में आयोजित की जाएगी:

| कक्षा 12वीं | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | विषय कोड | विषय का नाम | क्रम संख्या | विषय कोड | विषय का नाम |
| 1. | 001 | अंग्रेजी कोर | 11. | 083 | कंप्यूटर विज्ञान (नया) |
| 2. | 048 | शारीरिक शिक्षा | 12. | 041 | गणित |
| 3. | 054 | बिजनेस स्टडीज | 13. | 002 | हिंदी ऐच्छिक |
| 4. | 055 | लेखाशास्त्र | 14. | 302 | हिंदी कोर |
| 5. | 043 | रसायन विज्ञान | 15. | 029 | भूगोल |
| 6. | 028 | राजनीतिक विज्ञान | 16. | 037 | मनोविज्ञान |
| 7. | 044 | जीव विज्ञान | 17. | 064 | गृह विज्ञान |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | 030 | अर्थशास्त्र | 18. | 042 | भौतिकी |
| 9. | 039 | समाजशास्त्र | 19. | 027 | इतिहास |
| 10. | 065 | इंफोरमैटिक्स प्रक. (नया) | | | |

**परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र अभ्यर्थी:**

**(1) विशेष अवसर दिए जाने वाले अभ्यर्थी**

(ए) 2021 परीक्षा के अभ्यर्थी जिनका परिणाम सारणी नीति के अनुसार उत्तीर्ण के रूप में घोषित किया गया है, लेकिन अपने घोषित परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए एक या अधिक विषयों में उपस्थित हो सकते हैं। इस परीक्षा में एक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों को अंतिम माना जाएगा, जैसा कि सारणीकरण नीति में उल्लिखित है।

**( 2) निजी, पत्राचार और दूसरे मौके वाले कंपार्टमेंट अभ्यर्थी**

श्रेणियाँ(बी)से (एफ)वे हैं जिनके परिणाम सारणीकरण के लिए नीति के तहत घोषित नहीं किए गए हैं

(बी) 2015 या उसके बाद के उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जो मई 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए अतिरिक्त विषय श्रेणी के तहत पंजीकृत थे, अगस्त 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए, यदि अभी भी अतिरिक्त विषय में परीक्षा के लिए उपस्थित होने के इच्छुक हैं।

(सी) अभ्यर्थी जो 2019 में बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से नियमित अभ्यर्थी के रूप में या निजी अभ्यर्थी के रूप में उपस्थित हुए थे, और जिनका परिणाम कंपार्टमेंट के रूप में घोषित किया गया था और जुलाई 2019 (पहला मौका) में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके और फरवरी/मार्च 2020 में आयोजित परीक्षा के लिए दूसरे मौके हेतु आवेदन किया था ये छात्र सितंबर 2O20 में आयोजित संबंधित विषय की परीक्षा रद्द होने और संचालन न होने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए हैं।

(डी) अभ्यर्थी जो 2O2O में पूर्ण विषयों में (अर्थात अध्ययन की योजना के अनुसार 5/6/7) या तो बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से नियमित अभ्यर्थी के रूप में या निजी अभ्यर्थी के रूप में उपस्थित हुए थे और जिनका परिणाम कम्पार्टमेंट के रूप में घोषित किया गया था, सितंबर, 2020 (पहला मौका) में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके, ये छात्र जो मई 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए दूसरे मौके के लिए पंजीकृत हैं, ऐसे अभ्यर्थी जो अगस्त 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए केवल निजी अभ्यर्थियों के रूप में आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

(ई) बारहवीं कक्षा के अभ्यर्थी जो 2O20 में उत्तीर्ण हुए और निजी अभ्यर्थियों के रूप में उन विषयों में प्रदर्शन में सुधार के लिए आवेदन किया था जिनके लिए मई 2021 में परीक्षा होनी तय हुई थी। ऐसे सभी अभ्यर्थी अगस्त 2021 में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए फिर से आवेदन करने के पात्र हैं।

(एफ) बारहवीं कक्षा के अभ्यर्थी जिन्होंने मई, 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए 6 विषयों में निजी अभ्यर्थी के रूप में उपस्थित होने के लिए आवेदन किया है, वे अगस्त 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए फिर से आवेदन करने के पात्र हैं।

**(3) परीक्षा 2021 में कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे गए अभ्यर्थी**

(जी) वर्ष 2O21 के अभ्यर्थी जिन्हें सारणीकरण नीति के आधार पर घोषित परिणाम में कंपार्टमेंट श्रेणी के तहत रखा गया है, वे अगस्त 2O21 में होने वाली परीक्षा के लिए प्रथम अवसर कम्पार्टमेंट के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

**परीक्षा शुल्क किसे देना है**

i. श्रेणी (ए) के अभ्यर्थी नीति के अनुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं करेंगे।

ii. (बी) से (एफ) को परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा क्योंकि उनके द्वारा इसका पहले ही भुगतान किया जा चुका है।

iii. श्रेणी (जी) के अभ्यर्थियों को बोर्ड की नीति के अनुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।

**परीक्षा केंद्रों की जानकारी:**

i. सीबीएसई देश में और विदेशों में नामित केंद्रों पर कंपार्टमेंट परीक्षा आयोजित करेगा।

ii. केंद्र कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए जाएंगे और छात्रों को भी इसका कड़ाई से पालन करना अपेक्षित होगा।

iii. प्रत्येक केंद्र में, सोशल डिस्टेंसिंग के मानदंडों को सख्ती से लागू करने के लिए अभ्यर्थी कम संख्या में आवंटित किए जाएंगे।

**पाठ्यक्रम और प्रश्न पत्र डिजाइन**

i. परीक्षा वर्ष के लिए निर्धारित कम किए गए पाठ्यक्रम में ही अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जाएगी।

ii. प्रश्न पत्रों का डिज़ाइन बोर्ड की वेबसाइट पर 2021 परीक्षा के लिए अपलोड किए गए नमूना प्रश्न पत्रों के समान होगा।

iii. प्रश्न पत्र की अवधि वैसी ही होगी जैसी कि नमूना प्रश्न पत्रों में उल्लिखित है।

**परिणाम की तैयारी:**

चूंकि सीबीएसई केवल कक्षा-बारहवीं में मुख्य विषयों में परीक्षा आयोजित कर रहा है, इसलिए, जिन विषयों की परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही हैं, उनका परिणाम 2020 में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुमोदित निर्धारण नीति के आधार पर तैयार किया जाएगा, जहां भी लागू हो। हालांकि, यह योजना एक या अधिक विषयों में प्रदर्शन में सुधार के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए लागू नहीं होगी।

**पंजीकरण के लिए पोर्टल की उपलब्धता**

**पोर्टल निम्न दो श्रेणियों के लिए जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा:**

(i) उन छात्रों के पंजीकरण के लिए पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा जो 2021 के लिए सारणीकरण नीति के आधार पर तैयार किए गए अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं और प्रदर्शन में सुधार करने के इच्छुक हैं।

(ii) जिन छात्रों के परिणाम 2021 में सारणीकरण नीति के आधार पर तैयार किए गए हैं और उन्हें कंपार्टमेंट में रखा गया है।

**परीक्षा में बैठने के लिए स्वतः अनुमति प्राप्त**

(iii) जिन अभ्यर्थियों का परिणाम 2021 में सारणीकरण नीति के आधार पर तैयार नहीं किया जा सका, उन्हें स्वतः ही परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे नियमित अपडेट के लिए अपने स्कूल और सीबीएसई की वेबसाइट के संपर्क में रहें ताकि वे सीबीएसई द्वारा निर्धारित अनुसूची के भीतर उचित कार्रवाई कर सकें क्योंकि कोई भी तिथि बढ़ाने की अनुमति नहीं होगी।

विस्तृत परिपत्र बाद में जारी किया जाएगा।

**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

प्रति: सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए वेब एडमिन को।